पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशितः 01.01.2018 इस अंक का मूल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868002130

## सम्मेलन तैयारी फाईनल बैठक

रविवार, 14 जनवरी 2018,
प्रातः 11.30 बजे
स्थानः आर्य समाज, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली–110060
कृपया समय पर पंहुचे–अनिल आर्य

वर्ष-34 अंक-15 पौष-2074 दयानन्दाब्द 193 01 जनवरी से 15 जनवरी 2018 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशितः 01.01.2018, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

दिल्ली चलो आर्यो — दिल्ली आओ आर्यो

जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

### महर्षि देव दयानन्द के दीवानों का भव्य समागम

## 251 कुण्डीय विराट यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

### दिनांक 26,27,28 जनवरी 2018 को रामलीला मैदान अशोक विहार, दिल्ली

**आर्य समाज की भव्य शक्ति का सड़कों पर होगा 27 जनवरी को शानदार प्रदर्शन**

**महर्षि दयानन्द का हर सच्चा सिपाही इस दिन अपनी स्कुटर, कार के साथ रामलीला मैदान में हो**

### आर्य जनता व आर्य समाजों के अधिकारियों की सेवा में अपील

आप सब को विदित ही है कि प्रतिवर्ष की भान्ति इस वर्ष भी **केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्** के तत्वावधान में **दिनांक 26,27,28 जनवरी 2018** को **रामलीला मैदान, अशोक विहार, फेज–1,उतरी दिल्ली (निकट मैट्रो स्टेशन कन्हैया नगर)** में **251 कुण्डीय विराट् यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन** का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से हजारों श्रद्धालु आर्य जन पधार रहे हैं। हमारा आपसे अनुरोध है कि इस शुभ अवसर पर तीनों दिन सपरिवार, इष्टमित्रों सहित पधार कर समारोह को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर शनिवार, 27 जनवरी 2018 को प्रातः 10.30 बजे **''आर्यो की विराट् राष्ट्रीय एकता व अखण्डता शोभा यात्रा ''रामलीला मैदान, अशोक विहार–1, दिल्ली–110052 से प्रारम्भ होगी।**

अतः आपसे हमारा विशेष अनुरोध है कि अपनी आर्य समाजों से व परिवार के समस्त सदस्यों सहित अपनी कार, स्कुटर, मोटर साईकिल अथवा टैम्पो, टाटा सूमो आदि वाहन ''ओ३म्'' ध्वजों से सजा कर, केसरिया टोपी या केसरिया पगड़ी पहन कर पूरे दल–बल के साथ शोभा यात्रा में समय पर पहुँचे तथा दिल्ली की जनता को आर्य समाज की विराट् संगठन शक्ति का परिचय दें, क्योंकि राजधानी की हर गतिविधि का प्रभाव पूरे भारत वर्ष पर पड़ता है। 251 कुण्डीय विश्व शान्ति महायज्ञ के शुभ अवसर पर आप प्रातः 8.15 बजे समय पर पंहुच कर अपने परिवार व मित्रों सहित पधार कर यजमान बनें तथा अपनी आर्य समाज की ओर से स्पेशल बसों, मारूति वैन आदि का प्रबन्ध करके सभी आर्य बन्धुओं सहित समय पर पहुंचे।

**''सेवा दानी कार्यकर्ता''** सेवा शिविर में वीरवार, **25 जनवरी** को दोपहर 12.00 बजे तक पहुँचकर तीन दिन समारोह में रह कर सेवा कार्य सम्भालें। आवास व ऋषि लंगर आदि का वहीं सभी प्रबन्ध रहेगा।

यज्ञ व आर्य महासम्मेलन के वेद प्रचार के पवित्र कार्य को सफल बनाने के लिए आपका सहयोग नितान्त आवश्यक है, अतः आपसे हमारा विशेष अनुरोध है कि कृपया अपनी ओर से,अपने मित्रों की ओर से अथवा अपने आर्य समाज की ओर से अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग भी अवश्य करवायें तथा दानराशी कास चैक/ड्राफट द्वारा **''केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, दिल्ली''** के नाम से **कार्यालयः–आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली–110007 के पते पर शीघ्र भिजवाने की कृपा करें।**

आप दान राशी सीधे परिषद् के खाता सं. **10205148690, S.B.I., Ghanta Ghar, Delhi-110007, IFS Code-SBIN0001280** में जमा करवा कर हमें **फोन न. 9868051444** पर **SMS** कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके।

हमें पूरा विश्वास है कि आप इस यज्ञ में अवश्य ही अपनी आहूति डाल कर हमारा उत्साह वर्धन करेंगे तथा निरन्तर चलने वाले ''ऋषि लंगर'' के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाइण्ड, मसाले, फल–सब्जी, दूध आदि खाद्य सामग्री भिजवा कर भी सहयोग प्रदान करेगें। आपके पूर्ण सहयोग की कामना के साथ –

**भवदीय**

| डा.अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | धर्मपाल आर्य | देवेन्द्र भगत/सन्तोष शास्त्री |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामन्त्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | प्रबन्धक समारोह |
| 9810117464 | 9013137070 | 9871581398 | 9958889970–9868754140 |

### कृपया आर्य युवक व आर्य जन ध्यान दें:

आगामी 26,27,28 जनवरी 2018 को दिल्ली के रामलीला मैदान अशोक विहार में होने वाले आर्य महासम्मेलन में दिल्ली से बाहर से पधारने वाले आर्य जनों से अनुरोध है कि अपने पंधारने का समय, संख्या से अविलम्ब सूचित करें जिससे आवास आदि का सुन्दर प्रबन्ध किया जा सके एवम् जो आर्य युवक तीन दिन वहीं रहकर सेवा देना चाहते हों वह वीरवार 25 जनवरी 2018 को दोपहर 12.00 बजे समारोह स्थल पर रिपोर्ट करें बिस्तर व आवास व्यवस्था निःशुल्क रहेगी –सौरभ गुप्ता, 9971467978

जहां नहीं होता कभी विश्राम | ओ३म् | आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 39 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में

वायु प्रदुषण, पर्यावरण शुद्धि व राष्ट्र की सुख समृद्धि हेतु



डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता व आचार्य अखिलेश्वर जी के ब्रह्मत्व में



स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी के सान्निध्य में

# 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ

एवम्

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

**दिनांक : 26,27,28 जनवरी 2018 (शुक्रवार, शनिवार, रविवार)**

**स्थान : रामलीला मैदान, अशोक विहार फेज-1, दिल्ली-110052**

(मेजर ध्यानचंद स्पोर्टस् स्टेडियम के सामने, निकट कन्हैया नगर मैट्रो स्टेशन)

## राष्ट्रीय एकता शोभा यात्रा : शनिवार, 27 जनवरी 2018, प्रातः 10.30 बजे से

रूटः रामलीला मैदान से मोन्ट फोर्ट स्कूल, एच ब्लॉक मार्केट, आर्य समाज अशोक विहार एफ ब्लॉक, डी-ब्लॉक, दीप मार्केट, प्रगति मार्केट, सनातन धर्म मंदिर फेज-2, सत्यवती कॉलेज, वजीरपुर वाटर टैंक से होते हुए रामलीला मैदान में दोपहर 1.30 बजे समापन। संयोजक-सुरेश आर्य, वीरेश आर्य, राकेश भटनागर, सुशील आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, प्रवीण आर्य, वीरेन्द्र योगाचार्य, ब्र. दीक्षेन्द्र, विश्वनाथ आर्य, ओमवीर सिंह, के.के. यादव, ईश आर्य, प्रदीप आर्य, विक्रांत चौधरी, प्रदीप जैन, विपिन मित्तल, भूदेव आर्य, चित्रा विद्यार्थी, जीवन लाल आर्य, सीमा-रोहित धीगड़ा, के.के सेठी, श्रीकृष्ण दहिया, अशोक गुप्ता, राकेश खुल्लर, अविनाश बंसल, देवमित्र आर्य, अशोक सरदाना, अजय अरोड़ा, राकेश मेहता, डिम्पल-नीरज भंडारी, नरेश विज, नरेन्द्र कस्तूरिया, ओमप्रकाश गुप्ता, हरिचन्द स्नेही

**मुख्य यजमान : सर्वश्री दर्शन कुमार अग्निहोत्री, राजीव कुमार परम, अरुण बंसल, प्रदीप तायल, डॉ. रमाकांत गुप्ता, एस.के. आहुजा**

### शुक्रवार 26 जनवरी, 2018

| | |
|---|---|
| 101 कुण्डीय विराट् यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 10.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 10.45 बजे |
| युवा चेतना सम्मेलन | : 11.00 से 2.00 |
| महिला शक्ति सम्मेलन | : 2.15 से 5.00 |
| व्यायाम शक्ति प्रदर्शन | : 5.00 से 6.30 |
| राष्ट्रीय कवि सम्मेलन | : रात्रि 7.30 से 10.00 |

### शनिवार 27 जनवरी, 2018

| | |
|---|---|
| यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 9.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 10.00 बजे |
| राष्ट्रीय एकता शोभा यात्रा | : प्रातः 10.30 से 1.30 |
| वेद-संस्कृत रक्षा सम्मेलन | : दोपहर 2.30 से 5.30 |
| राष्ट्र रक्षा सम्मेलन | : रात्रि 7.00 से 10.00 |

### रविवार 28 जनवरी, 2018

| | |
|---|---|
| 151 कुण्डीय विराट् यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 10.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 11.00 बजे |
| राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन | : 11.30 से 2.30 |
| शिक्षा संस्कृति रक्षा सम्मेलन | : 2.30 से 5.00 |
| कार्यकर्ता सम्मान समारोह | : सायं 5.00 से 5.30 बजे |
| धन्यवाद एवम् शांतिपाठ समापन | : सायं 6.00 बजे |

दिल्ली के बाहर से आने वाले आर्य बन्धु अपने पधारने की संख्या व समय के बारे में व यज्ञमान बनने के इच्छुक 15 जनवरी 2018 तक सूचित करने की कृपा करें जिससे भोजन व आवास का उचित प्रबंध किया जा सके। सम्पर्क : देवेन्द्र भगत-9958889970, संतोष शास्त्री-8178003873, सतीश शास्त्री-9891610320, काशीराम शास्त्री-9873454344, सौरभ गुप्ता-9971467978, अरुण आर्य-9818530543, वरुण आर्य-8586801154, विनोद कालरा-9899444347

## हज़ारों की संख्या में पहुँचकर आर्य समाज की विराट् संगठन शक्ति का परिचय दें

## अपील

**इस रचनात्मक विशाल कार्यक्रम में आपका तन, मन, धन से सहयोग अपेक्षित है कृपया दानराशी क्रास चैक/ड्राफ्ट द्वारा ''केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली'' के नाम से कार्यालय के पते पर भिजवायें। ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, शुद्ध घी, रिफाईन्ड, सब्जी, मसाले आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें**

### निवेदक

डॉ. अनिल आर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष
महेन्द्र भाई
राष्ट्रीय महामंत्री
दुर्गेश आर्य
राष्ट्रीय मंत्री
धर्मपाल आर्य
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

यशोवीर आर्य
रामकुमार सिंह
कृष्णचन्द पाहूजा
सत्यभूषण आर्य
सुभाष बब्बर
स्वतंत्र कुकरेजा
आनन्दप्रकाश आर्य
रामकृष्ण शास्त्री
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

आनन्द चौहान
ठाकुर विक्रम सिंह
नवीन रहेजा
मायाप्रकाश त्यागी
प्रवीण तायल
अमित मान
विजयारानी शर्मा
अमीरचन्द रखेजा
डॉ. रिखबचन्द जैन
डॉ. लाजपत राय आर्य
अमरनाथ गोगिया
प्रेम कुमार सचदेवा
सत्यपाल गांधी
प्रि0 अन्जु महरोत्रा
योगराज अरोड़ा
एस.पी. सिंह
स्वागत अध्यक्ष

डॉ. महेन्द्र नागपाल
योगेश वर्मा, उप-महापौर
रवि चड्डा
सत्यवीर चौधरी
रमेशकुमारी भारद्वाज
ओम सपरा
ब्रह्मप्रकाश मान
लक्ष्मण पाहुजा
सुरेन्द्र कोहली
प्रेमपाल शास्त्री
गायत्री मीना
डॉ. गजराजसिंह आर्य
ओमप्रकाश यजुर्वेदी
चन्द्रप्रभा अरोड़ा
रविदेव गुप्ता
मनोहर लाल चावला
स्वागत मन्त्री

**स्वागत समितिः** सर्वश्री विकास गोगिया, अंजु जावा, चतरसिंह नागर, सुरेन्द्र शास्त्री, रामलुभाया महाजन, वेदप्रकाश आर्य, धर्मदेव खुराना, प्रदीप गोगिया, सुशील बाली, गोपाल जैन, धर्मपाल परमार, डॉ. धर्मवीर आर्य, नरेश विज, ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अविनाश बंसल, देवमित्र आर्य, उर्मिला आर्या, अर्चना पुष्पकरणा, अशोक सरदाना, बृजेश-पीतम गुप्ता, अजय अरोड़ा, राकेश मेहता, सुरेन्द्र मानकटाला, रमेश गाडी, अशोक आर्य, जवाहर भाटिया

**कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-110007, मो. 9810117464, 9868664800, 9871581398, 9013137070**
**E-mail:** aryayouth@gmail.com **Website:** www.aryayuvakparishad.com
**Group:** aryayouthgroup@yahoogroups.com • join-http:// www.facebook.com/group/aryayouth

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् ने 91 वां स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस मनाया

## शुद्धि आन्दोलन फिर से चलाने की आवश्यकता –डा.विजय कुमार मल्होत्रा (पूर्व सांसद)

## स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान भवन नया बाजार को राष्ट्रीय स्मारक बनाओ–डा.अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,के.आ.यु.प.)




91वें स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस समारोह में स्वामी श्रद्धानन्द जी की पुस्तक का लोकार्पण करते पूर्व सांसद डा. विजय कुमार मल्होत्रा, साथ में बांये से बहिन गायत्री मीना, प्रि. रमेश कुमारी, यशपाल आर्य, सुभाष आर्य, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, सुशील बाली, डा. अनिल आर्य व ओम सपरा।






वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विजय कुमार मल्होत्रा का शाल व स्वामी श्रद्धानन्द जी के चित्र से अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य,यशपाल आर्य, सुभाष आर्य, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री व सामने प्रबुद्ध आर्य जन।

शनिवार, 23 दिसम्बर 2017, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्,नई दिल्ली के तत्वावधान में सांसद निवास, 6, डा. विशम्भरदास मार्ग, नई दिल्ली में सुप्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी,गुरूकुल कांगड़ी,हरिद्वार के संस्थापक,मूर्धन्य आर्य संन्यासी ''स्वामी श्रद्धानन्द जी का 91 वां बलिदान दिवस'' समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में दिल्ली के कौने कौने से सैंकड़ो आर्य प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ''वैदिक यज्ञ'' के साथ हुआ, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने यज्ञ करवाया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा.विजय कुमार मल्होत्रा (अध्यक्ष, अखिल भारतीय खेल परिषद्, राज्य मंत्री स्तर) ने कहा कि आज फिर से शुद्धिआन्दोलन चलाने की आवश्यकता है, जिससे जो लोग किसी कारण से विधर्मी बन गये थे, उन्हें वापिस हिन्दू धर्म में लाया जा सके। स्वामी श्रद्धानन्द जी ने शुद्धिआन्दोलन की शुरूआत की ओर घर वापिसी का मार्ग प्रशस्त किया। स्वामी श्रद्धानन्द जी ने गुरूकुलीय शिक्षा प्रणाली को पुनः जीवित किया व समान शिक्षा पद्धति को बढ़ावा दिया, यह सामाजिक समरसता का एक प्रेरक उदाहरण है। स्वामी श्रद्धानन्द ने अग्रेंजी सरकार के विरूद्वरोलेट एक्ट के विरोध में विशाल जुलूस का नेतृत्व किया जहां दिल्ली के चांदनी चौक में हमने उनकी प्रतिमा स्थापित की और श्रद्धानन्द कालेज भी खोला जिससे आने वाली पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण कर सके।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी का दिल्ली के नया बाजार स्थित बलिदान भवन जहां स्वामी जी का बलिदान हुआ था, वह जीर्ण क्षीण अवस्था में है और वहां कई किरायेदारों का कब्जा है,हमारी केन्द्र सरकार से मांग है कि उस ऐतिहासिक स्थान को कब्जों से शीघ्र खाली करवा कर उसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाये यही स्वामी श्रद्धानन्द को सच्चे अर्थो में श्रद्धांजलि होगी। डा.आर्य ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही और स्वामी श्रद्धानन्द ने अग्रेंजी हकुमत से डट कर लोहा लिया, वह एक निर्भीक संन्यासी और महान क्रांतिकारी थे, हमें आज उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लेना चाहिये। श्री सुभाष आर्य (पूर्व महापौर, दक्षिण दिल्ली नगर निगम) ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी वास्तव में साम्प्रदायिक सौहार्द के सच्चे प्रतीक थे जिन्होंने हिन्दू मुस्लिम एकता का सन्देश जामा मस्जिद के मिम्बर से दिया। भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखण्डता के लिए सब आर्य जन एक जुट हों।

वैदिक विद्वान आचार्य प्रेमपाल शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानन्द महान क्रांतिकारी थे, उन्होंने अपने समय में समाज में व्यापत कुरीतियों के विरूद्ध डट कर लोहा लिया, पाखण्ड अन्धविश्वास के विरूद्ध जनजागरण किया, आज फिर आर्य जनों को समाज में व्यापत बुराईयों, पाखण्ड–अन्धविश्वास के विरूद्ध जनता को सजक करने का अभियान चलाने की आवश्यकता है।

परिषद् के महामंत्री आचार्य महेन्द्र भाई, प्रि.रमेश कुमारी, यशपाल आर्य (पूर्व पार्षद), सुशील बाली, बहिन गायत्री मीना ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर आर्य नेता महावीरसिंह आर्य, जीवनलाल आर्य, अमीरचंद रखेजा, सुरेन्द्र शास्त्री, रामकुमारसिंह आर्य, अरूण आर्य, वेदप्रकाश आर्य, सुरेश आर्य, मनोज मान, सुरेन्द्र गुप्ता, ओमबीरसिंह आर्य, वेद खट्टर, यशोवीर आर्य, संजीव आर्य, गोपाल जैन, प्रो. कुलदीप सलिल, ओम सपरा, माधवसिंह आर्य, शिवम मिश्रा, प्रवीन आर्य, ऋषिपाल खोखर, हरिचंद आर्य, अमरनाथ बत्रा, आदि उपस्थित थे। गुरूकुल खेड़ाखुर्द के ब्रह्मचारियों ने वेद पाठ किया। सभी आर्य जनों ने स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान भवन नया बाजार दिल्ली को ''राष्ट्रीय स्मारक'' घोषित करने की सर्वसम्मति से मांग की।

# विश्व वेद सम्मेलन नई दिल्ली में सोल्लास सम्पन्न





विश्व वेद सम्मेलन का भव्य आयोजन 15,16,17 दिसम्बर 2017 को नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी कला केन्द्र जनपथ में किया गया। समारोह का भव्य उद्घाटन उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडु जी ने किया व आचार्य बालकृष्ण जी (पतंजलि हरिद्वार) का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। चित्र में–मंच पर बांये से सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी वेदानन्द जी (अफ्रीका), डा. अनिल आर्य, डा. योगानन्द शास्त्री, ठाकुर विक्रम सिंह जी। द्वितीय चित्र–केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता व प्रदेश महामंत्री अरूण आर्य का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, प्रि.श्यामलाल आर्य, ठाकुर विक्रम सिंह, स्वामी अग्निवेश व दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मण्डल के प्रधान ओमप्रकाश यजुर्वेदी। श्री आनन्द कुमार (आई.पी.एस.) व डा.धर्मेन्द्र शास्त्री, डा.देवेश ने कुशल संचालन किया।

स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी धर्मेश्वरानन्द जी, डा. सोमदेव शास्त्री, डा. वागीश आचार्य, डा.महावीर मीमांसक, डा.महावीर अग्रवाल, डा.पवित्रा विद्यालंकार, आचार्या नन्दिता शास्त्री, आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, डा.जयेन्द्र आचार्य, स्वामी सच्चिदानन्द जी, स्वामी चन्द्रवेश जी, श्री दर्शन अग्निहोत्री, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, डा. नरेन्द्र वेदालंकार, आचार्य यशपाल शास्त्री आदि साहित देश व विदेश से अनेकों विद्वानों का मार्गदर्शन मिला। सम्मेलन अत्यन्त प्रभावशाली रहा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कर्मठ युवकों ने समस्त सेवा–प्रबन्ध निष्ठा से सम्भाला।

# आर्य समाज, रेलवे रोड़, रानी बाग व पंचदीप का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न






शनिवार, 16 दिसम्बर 2017, आर्य समाज, रेलवे रोड़, रानी बाग, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ, आचार्य अखिलेश्वर जी ने यज्ञ करवाया व प्रवचन हुए। बहिन स्वर्णा आर्या की गायत्री मण्डली के मधुर भजन हुए। चित्र में– कर्मठ युवक वरूण आर्य का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, प्रधान सोमनाथ पुरी, रेखा व योगेन्द्र शर्मा। मैथली शर्मा ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र–आर्य समाज, पंचदीप, पीतमपुरा, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर जम्मू के वैदिक विद्वान आचार्य विद्याभानु शास्त्री का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, प्रधान आनन्द प्रकाश गुप्ता, आचार्य विजय भूषण आर्य व मित्रसेन आर्य आदि।

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू का अभिनन्दन व ठाकुर विक्रम सिंह जी से भेंट





शुक्रवार, 30 दिसम्बर 2017, भाजपा नेता श्याम जाजू के 61वें जन्मोत्सव पर बधाई देते डा.अनिल आर्य,आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,सुरेश आर्य व महेन्द्र भाई। समारोह का शुभारम्भ आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने यज्ञ करवा कर किया। द्वितीय चित्र–दानवीर,आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह जी को आर्य महासम्मेलन का निमन्त्रण देते डा.अनिल आर्य व महेन्द्र भाई।

# गाजियाबाद में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस शानदार सफलता से सम्पन्न






रविवार, 24 दिसम्बर 2017, आर्य केन्द्रीय सभा गाजियाबाद के तत्वावधान में 91वें स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया व विशान जनसभा सनातन धर्म कालेज के मैदान में सम्पन्न हुई। चित्र में समारोह के मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए व मंच पर–डा. आर. के. आर्य, डा. जयेन्द्र आचार्य, आचार्य सतेन्द्र जी (अजमेर), स्वामी चन्द्रवेश जी, श्री श्रद्धानन्द शर्मा, ओमप्रकाश आर्य, महेन्द्र कुमार सिंघल व प्रान्तीय महामंत्री प्रवीन आर्य। द्वितीय चित्र–युवा विद्वान डा.जयेन्द्र आचार्य का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, प्रधान सत्यवीर चौधरी, स्वामी चन्द्रवेश जी, प्रवीन आर्य व सतीश श्योरण। शोभायात्रा में परिषद् के 150 युवक सम्मिलित हुए।

# आर्य केन्द्रीय सभा, फरीदाबाद व गुरूग्राम ने मनाया स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस





रविवार, 24 दिसम्बर 2017, आर्य केन्द्रीय सभा फरीदाबाद के तत्वावधान में श्रद्धा मन्दिर स्कूल,सैक्टर–87, फरीदाबाद के विशाल मैदान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस सोल्लास मनाया गया। चित्र में–परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य का अभिनन्दन करते प्रधान डा.गजराजसिह आर्य, प्रेम कुमार मितल, महेश गुप्ता, मदनलाल तनेजा व ओमप्रकाश आर्य। महामंत्री अशोक शास्त्री ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र–आर्य केन्द्रीय सभा गुरूग्राम,हरियाणा के तत्वावधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस भीम नगर में मनाया गया,चित्र में–डा.अनिल आर्य,प्रधान लक्ष्मण पाहुजा,चन्द्रपकाश गुप्ता,राजेश आर्य(पालम),रविन्द्र आर्य(जसाना) व महेन्द्र भाई।

# दिल्ली में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस व सूर्य निकेतन में भजन संध्या सम्पन्न






सोमवार, 25 दिसम्बर 2017,आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के तत्वावधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर नया बाजार स्थित श्रद्धानन्द बलिदान भवन से विशाल शोभायात्रा का आयोजन महाशय धर्मपाल जी सभा प्रधान के नेतृत्व में किया गया । संचालन श्री धर्मपाल आर्य,श्री विनय आर्य कर रहे थे। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 150 युवकों ने शोभायात्रा में भाग लिया व व्यायाम प्रदर्शन दिखाये। जत्थे का नेतृत्व करते डा.अनिल आर्य,महेन्द्र भाई,विश्वनाथ आर्य,प्रवीन आर्या,दुर्गेश आर्य,रामकुमार सिंह,यज्ञवीर चौहान आदि। सौरभ गुप्ता,अरूण आर्य,प्रदीप आर्य,शिवम मिश्रा,अमित आर्य,राकेश आर्य,वरूण आर्य,माधव सिंह,गौरव गुप्ता,विमल आर्य आदि शिक्षकों ने संचालन किया। द्वितीय चित्र–आर्य समाज,सूर्य निकेतन,दिल्ली में माता सुशीला आर्या व पं.हरिदेव आर्य वीर की स्मृति में भजन संध्या प्रस्तुत करते पं.लक्ष्मीकांत कंठपाल जी।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970